Reg.: 22667 Mobile: 9685986275

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षा प्रसार एवं समाज सेवा समिति

सिद्धार्थ नगर, थाटीपुर, ग्वालियर (म.प्र.) 474011

Email ID : drbhimraoambedkarspasss@gmail.com

Ref.: Date: 16.4.2021

## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2020–21

आज दिनांक 16.04.2021 को वार्षिक सभा का आयोजन कोविड–19 की गाईड लाईन का पालन करते हुये समिति कार्यालय पर हुआ। सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय श्री श्याम सुन्दर श्रीवास्तव का माल्यार्पण कर समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। तदोपरान्त संस्था सचिव श्री लाखन सिंह चौधरी ने वर्ष 2020–21 का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन पढ़ा जो निम्न है –

1. **डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्राथमिक विद्यालय जनकपुरा, लहार, भिण्ड** :– यह संस्था अनुसूचित जाति के शैक्षणिक विकास हेतु वर्ष 1990 से कार्य कर रही है। इस विद्यालय में कुल दर्ज संख्या 189 थी जिसमें अनुसूचित जाति के 143 अन्य पिछड़ा वर्ग के 46 छात्र/छात्राऐं लाभान्वित हुईं। शाला में कुल कार्यरत स्टाफ 15 है जिसमें अनुसूचित जाति के 11, पिछड़ा वर्ग के 2 तथा सामान्य के 2 हैं। शाला के कर्मचारियों को जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग भिण्ड से नियमित रूप से ऑनलाइन वेतन भत्तों का भुगतान वित्तीय वर्ष 2020–21 में नहीं किया गया है।
2. **डॉ. भीमराव अम्बेडकर माध्यमिक विद्यालय, जनकपुरा लहार, भिण्ड** :– यह संस्था अनुसूचित जाति के शैक्षणिक विकास हेतु वर्ष 1990 से कार्य कर रही है। इस विद्यालय में कुल दर्ज संख्या 119 थी। जिसमें अनुसूचित जाति के 88, अन्य पिछड़ा वर्ग के 31, छात्र/छात्राऐं लाभान्वित हुईं। शाला में कुल कार्यरत स्टाफ 8 है जिसमें अनुसूचित जाति के 6, पिछड़ा वर्ग के 2 हैं। शाला के कर्मचारियों को जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग भिण्ड से नियमित रूप से ऑनलाइन वेतन भत्तों का भुगतान वित्तीय वर्ष 2020–21 में नहीं किया गया है।
3. **डॉ. भीमराव अम्बेडकर माध्यमिक विद्यालय, जगदीशपुरा, भिण्ड** :– यह संस्था अनुसूचित जाति के शैक्षणिक विकास हेतु वर्ष 1990 से कार्य कर रही है। इस विद्यालय में कुल दर्ज संख्या 90 थी। जिसमें अनुसूचित जाति के 81, अन्य पिछड़ा वर्ग के 9 छात्र/छात्राऐं लाभान्वित हुईं। शाला में कुल कार्यरत स्टाफ 8 है जिसमें अनुसूचित जाति के 6, सामान्य का 2 हैं। शाला के कर्मचारियों को जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग भिण्ड से नियमित रूप से ऑनलाइन वेतन भत्तों का भुगतान वित्तीय वर्ष 2020–21 में नहीं किया गया है।

4. **डॉ. भीमराव अम्बेडकर हाईस्कूल जगदीशपुरा, भिण्ड** :– इस विद्यालय में कुल दर्ज संख्या 120 थी। जिसमें अनुसूचित जाति के 68, अन्य पिछड़ा वर्ग के 42, सामान्य वर्ग 10 छात्र/छात्राऐं लाभान्वित हुईं। शाला में कुल कार्यरत स्टाफ 15 है जिसमें अनुसूचित जाति के 9, पिछड़ा वर्ग के 2 तथा सामान्य के 4 हैं। शाला के कर्मचारियों को जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग भिण्ड से नियमित रूप से ऑनलाइन वेतन भत्तों का भुगतान वित्तीय वर्ष 2020–21 में नहीं किया गया है।

5. **डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्राथमिक /माध्यमिक विद्यालय, श्यामपुरा गोहद, जिला भिण्ड** : – यह संस्था अनुसूचित जाति के शैक्षणिक विकास हेतु वर्ष 1990 से कार्य कर रही है। इस विद्यालय में कुल दर्ज संख्या 205 थी। जिसमें अनुसूचित जाति के 202 छात्र/छात्राऐं लाभान्वित हुईं। शाला में कुल कार्यरत स्टाफ 14 है जिसमें अनुसूचित जाति के 10 पिछड़ा वर्ग के 01 एवं सामान्य वर्ग 03 कार्यरत हैं। इस शाला को भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सहायता प्राप्त होती है।

6. **हस्तशिल्प प्रशिक्षण केन्द्र** – संस्था द्वारा 15 से 35 आयु वर्ग के शिक्षित व बेरोजगार युवक युवतियों को हथकरघा हस्तशिल्प क्षेत्र को विकसित करने के उद्देश्य से 50 से 100 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है।

7. **खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण केन्द्र** :– इस प्रशिक्षण केन्द्र में 50 से 100 कृषकों, युवकों एवं जरूरतमन्द छात्र–छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के हितग्राही लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर हो रहें है।

8. **बौद्ध संस्कृति/सांस्कृतिक कार्यक्रम** :– इस कार्यक्रम द्वारा संस्कृति को बरकरार रखने के लिये श्यामपुरा जिला भिण्ड यातायात नगर, ग्वालियर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कोविड–19 की गाईड लाईन के पालन में किया गया है। जैसे ड्रामा, संगीत, नृत्य आदि एवं महान विभूतियों डॉ. अम्बेडकर, गौतम बुद्ध, संत कबीर, संत रविदास, संत नामदेव, गुरू घासीदास, सावित्री बाई फुले, महात्मा ज्योतिराव फुले, छत्रपति साहूजी महाराज, नारायण गुरू, पैरियार रामा स्वामी, महर्षि वाल्मीक, संत गाडगे बाबा, संत चोखामेला, संत अयनकली, संत नंदनार, वीरांगना झलकारी बाई, क्रांतिकारी बिरसा मुण्डा, सम्राट अशोक महान, की जयन्ती एवं पुण्य तिथि मनाई जाती है। बौद्ध एवं तिब्बति संस्कृति का प्रचार प्रसार किया गया।

9. **महिला जागृति शिविर** :– संस्था द्वारा, अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, बुद्ध विहार, सुरेशनगर, लक्ष्य प्रा. आई.टी.आइ. यातायात नगर ग्वालियर में कोविड–19 की गाईड लाईन के अनुसार मनाया गया है। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र की महिलाओं को संवैधानिक अधिकार, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, सफाई तथा रोजगार सम्बन्धी वेश्यावृत्ति उन्मूलन तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों को दूर करने हेतु बेटी बचाओं बेंटी पढ़ाओं पर कार्यशाला शिविर आदि का आयोजन किया जिसमें 100 से 150 महिलायें लाभान्वित हुयी हैं।

10. **पर्यावरण जागरूकता शिविर** :–संस्था द्वारा विश्व वानिकी दिवस, हरियाली महोत्सव, विश्व पृथ्वी दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व जैव विविधता दिवस, विश्व ओजोन दिवस,

राष्ट्रीय ऊर्जा दिवस, विश्व गौरेया दिवस, पर बुद्ध विहार ठाठीपुर, यातायात नगर व श्यामपुरा भिण्ड में शिविर/कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें 50–100 ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के कृषक व छात्र युवा लाभान्वित हुए।

11. **नशा मुक्ति कार्यक्रम** :– संस्था द्वारा विश्व तम्बाकू दिवस व मादक पदार्थो के दुरूपयोग एवं अवैध व्यापार के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर श्यामपुरा भिण्ड व यातायात नगर ग्वालियर में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन कोविड–19 की गाईड लाईन के अनुसार किया गया है। जिसमें तम्बाकू बनाम मौत तथा मघपान तथा अन्य नशीले पदार्थों के ऊपर विचार एवं संकल्प लिये गये। जिसमें 100–150 व्यक्ति भाग लेकर लाभान्वित हुए एवं नशे से पीड़ित लोगों को समय–समय पर उचित परामर्श दिया गया संस्था द्वारा नशा मुक्ति केन्द्र, नशा मुक्ति परामर्श केन्द्र व नशा मुक्ति सर्वेक्षण का संचालन करना प्रस्तावित है।

12. **स्वास्थ्य जागरूकता शिविर** :– संस्था द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस विश्व स्वास्थ्य दिवस, विश्व मधुमेह दिवस, विश्व एड्स दिवस, विश्व कैंसर दिवस, विश्व हृदय रोग दिवस, विश्व शौचालय दिवस, विश्व मस्कीटो दिवस, विश्व किडनी दिवस, विश्व क्षय दिवस, विश्व मलेरिया दिवस, अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस, विश्व हास्य दिवस, विश्व योग एवं नेशनल वाकिंग डे , दिवस पर कार्यशालायें शिविर आदि का आयोजन यातायात नगर, बीलपुरा मुरार, श्यामपुरा भिण्ड में स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरूक रहने तथा भयावह बीमारियों जैसे टी.वी. पोलियो, कुष्ठ, मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू, एड्स, डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग, कोरोना आदि ,मातृत्व एवं शिशु आदि बीमारियों व जड़ी बूटियों के महत्व के बारे में एवं योगा नैचुरोपैथी एवं आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथी ,सिद्धा आदि के प्रचार प्रसार हेतु कार्यशाला संगोठी आदि का संचालन किया गया जिसमें 100–150 व्यक्ति प्रतिभागी बनकर लाभान्वित हुये।

13. **जल संरक्षण कार्यक्रम** :– संस्था द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु यातायात नगर जिला ग्वालियर में विश्व जल दिवस पर शिविर कार्यशाला संगोष्ठी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कोविड–19 की गाईड लाईन के अनुसार किया गया। जिसमें पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के उपाय लोगो को बताये गये जिसमें 100 लोगों ने भाग लिया।

14. **कृषि एवं पशुधन कार्यक्रम** :– संस्था द्वारा कृषि की उन्नत तकनीक जैसे खाद बीज कीटनाशक जैविक खेती जैविक उर्वरकों के प्रयोग तथा बागवानी पशुपालन, मत्स्य पालन, मशरूम उत्पादन, फूलों व सब्जियों के उत्पादन के बारे में प्रशिक्षण विषयों ग्राम खेरी का पुरा व श्यामपुरा जिला भिण्ड में शिविर का आयोजन कोविड–19 की गाईड लाईन के अनुसार किया गया जिसमें 100 से 150 कृषकों ने भाग लिया।

15. **उपभोक्ता कल्याण कार्यक्रम** :– संस्था द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता व अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कार्यशाला संगोष्ठी आदि का आयोजन श्यामपुरा भिण्ड, बुद्ध बिहार ठाठीपुर सुरेश नगर ग्वालियर में किया गया जिसमें 100 से 150 उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया।

16. **युवा कार्यक्रम** :– संस्था द्वारा विश्व युवा दिवस के अवसर पर श्यामपुरा भिण्ड में कार्यशाला संगोष्ठी द्वारा युवाओं के सशक्तिकरण के लिये जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कोविड–19 की गाईड लाईन के अनुसार किया गया। जिसमें 100 से 150 युवा प्रतिभागी बनकर लाभान्वित हुये संस्था द्वारा कौसल विकास उन्नयन केन्द्रों का संचालन करना प्रस्तावित है।

17. **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण कार्यक्रम** :– संस्था द्वारा संविधान दिवस व विश्व मानव अधिकार दिवस पर बुद्ध विहार सुरेंश नगर व यातायात नगर ग्वालियर में कार्यशाला सेमीनार शिविर के द्वारा 70 से 80 अनुसूचित जाति के लोगों में शासन की योजनाओं तथा अन्य कार्यों जैसे अश्पृश्यता दूर करने के लिये सद्भावना शिविर एवं मानव को अपने संवैधानिक अधिकारों की प्रति जागरूकता किया गया।

18. **जैव प्रौद्योगिकी कार्यक्रम** :– संस्था द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जैव प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिये कार्यशाला संगोष्ठी का आयोजन, यातायात नगर ग्वालियर में हुआ जिसमें 100 व्यक्ति लाभान्वित हुये संस्था द्वारा टैक्नलॉजी समावेसित आधार से कम लागत में सैनेटरी नैपकिन गैरपराम्परागत ऊर्जा स्त्रोत कार्बनिक खेती व कार्बनिक खाद के प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन करना प्रस्तावित है।

19. **ग्रामीण विकास/गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम** :– संस्था द्वारा विश्व खुशहाली दिवस के अवसर पर श्यामपुरा जिला भिण्ड में गरीबी उन्मूलन एवं ग्रामीण विकास पर कार्यशाला व संगोष्ठी आयोजित की गयी तथा कोविड –19 के अन्तरर्गत जरुरत मंद को खाद्य सामग्रीय प्रदान की गई जिसमें 100 लोग लाभान्वित हुये।

20. **साक्षरता व कैरियर्स गाइडेन्स कार्यक्रम** :– संस्था द्वारा विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर फूटी कॉलोनी मुरार व शहर की स्लिम बस्तियों में संगोष्ठी कार्यशाला शिविर आदि के माध्यम से डिजीटल साक्षरता का महत्व बताया व निरक्षरता का कलंक मिटाने के लिये 100 से 150 बालक/बालिकाओं व उनके अभिभावकों को जागरूक किया गया एवं छात्र/छात्राओं को अपने उज्जवल भविष्य हेतु कैरियर्स गाइडेन्स शिविर का आयोजन कोविड–19 की गाईड लाईन के पालन में बुद्ध विहार मुरार, ग्वालियर में हुआ जिसमें 50 प्रतिभागी लाभान्वित हुये।

21. **वृद्धा कल्याण कार्यक्रम** :– संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन कल्याण दिवस पर वृद्धों के कल्याणार्थ शिविर कार्यशाला संगोष्ठी आदि का आयोजन श्यामपुरा ज़िला भिण्ड व मुरार जिला ग्वालियर में कोविड–19 की गाईड लाईन के अनुसार किया गया है। जिसमें 40 वृद्ध प्रतिभागी बनकर लाभान्वित हुये। संस्था द्वारा वृद्धो के कल्याण हेतु वृद्धा आश्रम दिव्य रक्षा केन्द्र, मोबाइल केयर क्षेत्रीय संसाधन प्रशिक्षण केन्द्र व हेल्प लाईन आदि को संचालित करने की कार्य योजना संस्था द्वारा प्रस्तावित है।

22. **स्वसहायता समूह कार्यक्रम**– संस्था द्वारा ग्रामीण अंचल में रहने वाली महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये सेमिनार कार्यशाला आदि का आयोजन ग्राम खेरीकापुरा, मुरार ग्वालियर में किया गया। जिसमें 50–60 महिलायें लाभाविंत हई।

23. **लघु वित्त कार्यक्रम–** संस्था द्वारा महिलाओं को लघुवित्त के संबंध में जागरुकता सृजन, छमता निर्माण , कौशल उन्नयन कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है जिसे महिलाओं का समाजिक आर्थिक सशक्तीकरण हो सके । इस संबध में महिलाओं को लघुवित्त के संबंध में जागरुक करने के लिये कार्यशाला शिविर आदि का आयोजन ग्वालियर तथा भिण्ड जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया। जिसमें 60–70 महिलायें लाभाविंत हुई है।

24. **सडक सुरक्षा कार्यक्रम** – संस्था द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्र, श्यामपुरा भिण्ड तथा ग्वालियर जिले में लोगों को सडक दुर्घटानाओं से बचने के लिये सेमिनार कार्यशाला , नुक्कड नाटक , स्लोगन , निबंध प्रतियोगितायें आयोजित कर लोगों को जागरुक किया गया। जिसमें 80 से 100 छात्र/छात्रायें एव युवा लाभाविंत हुये।

25. **हमारी धरोहर संरक्षण कार्यक्रम–** संस्था द्वारा अल्पसंख्यक संमुदाय जैसे मुस्लिम ईसाई, पारसी , बौद्ध ,सिख , जैन आदि की संमृद्धि सांस्कृतिक विरासत से संबंधित लोगों में आम तौर पर सूचना का आभाव है। सांस्कृतिक और सांप्रद्रायिक विरासत के बारे में अच्छी जानकारी देने के लिये सेमीनार कार्यशाला आदि का आयोजन कर उनमें जागरुकता पैदा करने के उदेश्य से ग्राम श्यामपुरा भिण्ड बुद्ध बिहार मुरार ग्वालियर में किया गया जिसमें 100 से 150 अल्पसंख्यक संमुदाय के प्रतिभागी लाभाविन्त हुये।

26. **भारतीय भाषा कार्यक्रम** – संस्था द्वारा भारतीय भाषाओं के विकास के लिये सेमीनार कार्यशाला आदि का आयोजन यातायात नगर व मुरार ग्वालियर व श्यामपरुा भिण्ड में किया गया जिसमें अंग्रेजी संस्कृत उर्दू, सिंधी के अतिरिक्त भाषाओं के विकास में लोगों को जागरुक किया गया जिसमें 100 से 150 प्रतिभागी लाभाविन्त हुये ।

27. **शिक्षा एवं साक्षरता कार्यक्रम** – संस्था द्वारा, खेरीकापुरा ,श्यामपुरा , जिला भिण्ड व ग्वालियर जिले की स्लम बस्तियों में स्कूल चलो अभियान के तहत सेमीनार कार्यशाला आदि का आयोजन कर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरुक किया गया तथा नई शिक्षा नीति से छात्रों शिक्षकों युवाओं ,महिलाओं तथा शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले एन.जी.ओं आदि को शामिल कर जगह जगह पर शिविर लगा कर लाभाविन्त किया जिसमें 100 से 150 प्रतिभागी लाभाविन्त हुये।

**सचिव**
**डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षा प्रसार**
**एवं समाज सेवा समिति, सिद्धार्थ नगर,**
**ठाटीपुर,ग्वालियर (म.प्र.)**